हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 15 दिसंबर 2025

04 रेत माफिया की मनमानी: सिस्टम की चुप्पी से ...



07 नाबालिग दुष्कर्म कांड : 16 दिवस में दोषी को...






## खबर संक्षेप

### आज कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगी श्रीमद् भागवत कथा

**सीहोर।** शिव शक्ति सांस्कृतिक मंडल के द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय के सरंक्षण में समाजसेविका अरूणा सुदेश राय के मार्गदर्शन में रविवार से सिंधी कालोनी मैदान पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ किया जाएगा। शिव शक्ति सांस्कृतिक मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा ने बताया कि दोपहर एक बजे मनकामेश्वर मंदिर से कथा स्थल तक भव्य कलश यात्रा बैडबाजों के साथ निकाली जाएगी। शिव शक्ति सांस्कृतिक महिला मंडल अध्यक्ष प्रीति सोनी ने कहा कि कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होंगी। श्रद्धालुओं को भागवताचार्य सुश्री प्रज्ञा विष्णु प्रिया के द्वारा कथा श्रवण कराई जाएगी। कथा रोज दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक होगी। श्रीमद भागवत कथा में अन्य धार्मिक कार्यक्रम भी होंगे। प्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा की भजन सांध्या का आयोजन भी होगा। शिव शक्ति सांस्कृतिक मंडल ने समस्त श्रद्धालुओं से कलश यात्रा और कथा श्रवण करने आने की अपील की है।

### बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**सीहोर।** जिले के स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीजनल एनफ्लूऐन्जा की रोकथाम, बचाव और नियंत्रण के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि मौसम में होने वाले बदलाव के कारण सर्दी-खाँसी (इन्फ्लूएंजा) के लक्षण दिखाई दे सकते हैं, इसलिए इस संक्रमण से बचाव के लिये व्यक्तिगत व्यवहार में परिवर्तन आवश्यक हैं।

### जनता की उम्मीद पर लापरवाही का पहाड़, ढाई करोड़ खर्च, लेकिन बुनियादी समझ गायब, आमजन होंगे परेशान

# सड़क बनेगी आफत: मछलीपुल-लुनिया चौराहा मार्ग पर बारिश में डूबेंगे घर-दुकान और मंदिर!

नागरिकों का कहना है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता और मानकों को दरकिनार कर दिया गया है, जिससे आने वाले मानसून में पूरे इलाके को जलभराव का गंभीर खतरा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





शहर में मछलीपुल से लुनिया चौराहा तक बनने वाली बहुप्रतीक्षित सड़क आज शहरवासियों के लिए राहत नहीं, बल्कि भय और आक्रोश का कारण बन चुकी है। जिस सड़क को नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर की परिषद ने जनता को विकास की सौगात के रूप में पेश किया था, वही सड़क निर्माण एजेंसी की घोर लापरवाही के चलते अब मुसीबत का पहाड़ बनती नजर आ रही है।

नागरिकों का कहना है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता और मानकों को दरकिनार कर दिया गया है, जिससे आने वाले मानसून में पूरे इलाके को जलभराव का गंभीर खतरा है। सवाल यह है कि क्या यही विकास का मॉडल है, जिसमें जनता की सुरक्षा और सुविधा की अनदेखी कर दी जाए? करीब एक किलोमीटर लंबी और लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस सड़क का चौड़ीकरण कार्य जुलाई माह में शुरू हुआ था। यह मार्ग रेलवे स्टेशन से बस स्टैंड, मंडी और आसपास के सैकड़ों गांवों को जोड़ने वाला अत्यंत महत्वपूर्ण रास्ता है, जहां प्रतिदिन लगभग पांच हजार वाहन गुजरते हैं। योजना के तहत सड़क को दोनों ओर से 11 मीटर चौड़ा, बीच में डिवाइडर और प्रकाश व्यवस्था के साथ विकसित किया जाना था। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि निर्माण एजेंसी ने तकनीकी समझ और स्थानीय परिस्थितियों को नजरअंदाज करते हुए सड़क को जरूरत से कहीं अधिक ऊंचा बना दिया, जिससे आसपास का पूरा इलाका निचले स्तर पर चला गया है।

**इंजीनियरों की चुप्पी, प्रशासन की जवाबदेही पर सवाल** :इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाली बात नगर पालिका के इंजीनियरों की चुप्पी है। जिस निर्माण कार्य की निगरानी इन्हीं अधिकारियों को करनी थी, उसमें इतनी बड़ी तकनीकी खामी कैसे नजरअंदाज हो गई? नागरिकों का आरोप है कि या तो इंजीनियर अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह विफल रहे हैं, या फिर निर्माण एजेंसी के दबाव में आंख मूंदकर काम हो रहा है। सड़क की ऊंचाई, ढलान और जलनिकासी जैसे बुनियादी मुद्दों पर कोई स्पष्ट मानक लागू नहीं किए गए। यह स्थिति नगर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करती है।



**पहाड़नुमा ऊंचाई से बढ़ा जलभराव का खतरा** :निर्माणाधीन सड़क की असामान्य ऊंचाई अब दुकानदारों, रहवासियों और श्रद्धालुओं के लिए सबसे बड़ी चिंता बन चुकी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि बारिश इसी हालत में आई, तो सड़क का पानी सीधे घरों, दुकानों और मंदिरों में घुसेगा। इसका सीधा असर न केवल आम जनजीवन पर पड़ेगा, बल्कि धार्मिक स्थलों की गरिमा और सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाएगी। स्थानीय लोग सवाल कर रहे हैं कि जब सड़क बनाई जा रही थी, तब ढलान और जलनिकासी की व्यवस्था पर ध्यान क्यों नहीं दिया गया? क्या यह जानबूझकर की गई लापरवाही है या फिर निर्माण एजेंसी को खुली छूट दी गई है?

नपा उपयंत्री इंजी. विजय कोली ने बताया कि रोड के साथ नाली का निर्माण नहीं होना है नाली निर्माण बाद में किया जाएगा।

#### बेस निर्माण में भी खेल, भविष्य में और बढ़ेगी समस्या

सड़क निर्माण में लापरवाही केवल ऊंचाई तक सीमित नहीं है। जानकारी के अनुसार ठेकेदार ने सड़क के बेस निर्माण में भी भारी अनदेखी की है। नियमों के अनुसार पुरानी सड़क की खुदाई कर मजबूत बेस तैयार किया जाना चाहिए था, लेकिन बिना खुदाई किए सीधे पुरानी सड़क पर मसाला डालकर नया रोड बनाया जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि सही तरीके से खुदाई और बेस निर्माण किया जाता, तो सड़क की ऊंचाई नियंत्रित रहती और जलभराव की समस्या पैदा ही नहीं होती। अब स्थिति यह है कि करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई जा रही यह सड़क भविष्य में टूट-फूट और जलजमाव की स्थायी समस्या बन सकती है।

#### अब भी समय है, वरना जनता भुगतेगी खामियाजा

स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि समय रहते सड़क की ऊंचाई, ढलान और बेस निर्माण की जांच कराई जाए और आवश्यक सुधार किए जाएं। यदि अभी हस्तक्षेप नहीं किया गया, तो मानसून में यह सड़क विकास नहीं, बल्कि विनाश का प्रतीक बन जाएगी। जनता साफ कह रही है कि वे सड़क के विरोधी नहीं हैं, बल्कि लापरवाही और गैर-जिम्मेदारी के खिलाफ हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन जनता की आवाज सुनता है या फिर यह पहाड़नुमा सड़क आने वाले वर्षों तक शहर के लिए एक बड़ी समस्या बनकर रह जाती है।

## 25 किसानों ने विक्रय किए अपने जैविक कृषि उत्पाद, 2 से 2.5 लाख रुपए तक की हुई बिक्री



**सीहोर।** कृषि विभाग द्वारा सीहोर के बाल बिहार मैदान पर आयोजित किए जा रहे जैविक कृषि उत्पादों के हाट बाजार का भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने शुभारंभ किया। यह जैविक/प्राकृतिक हाट बाजार अब प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। हाट बाजार में जैविक अनाज, दालें, विभिन्न प्रकार की जैविक सब्जियां एवं फल, जैविक कच्ची घानी का शुद्ध तेल, वर्मी कम्पोस्ट, जैविक हल्दी, जैविक अश्वगंधा सहित अनेक जैविक उत्पाद उपलब्ध कराए गए हैं।

रविवार को आयोजित प्रथम जैविक प्राकृतिक हाट बाजार में जिले के पंजीकृत 25 जैविक कृषकों द्वारा अपने-अपने उत्पाद विक्रय के लिए लाए गए। हाट बाजार के प्रति नगरवासियों में विशेष उत्साह देखा गया, जिसके परिणामस्वरूप किसानों द्वारा लगभग 2 से 2.5 लाख रुपये तक का कुल विक्रय किया गया। नगर के नागरिकों के साथ-साथ विभिन्न अधिकारियों द्वारा भी जैविक उत्पाद खरीदे गए। स्थिति यह रही कि सायं 4 बजे तक अधिकांश किसानों के लगभग सभी उत्पाद विक्रय हो गए।

उल्लेखनीय है कि कृषि विभाग द्वारा की जा रही यह पहल जिले में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ किसानों की आय वृद्धि एवं उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं स्वास्थ्यवर्धक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए की गई है। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि अशोक कुमार उपाध्याय, सहायक संचालक अनिल जाट सहित कृषि विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने 11 हितग्राहियों को दीं आइस बॉक्स बाइक-की



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने 'धरती आबा अभियान' के अंतर्गत मछुआ समुदाय के 11 हितग्राहियों को आइस बॉक्स युक्त मोटरसाइकिलों की चाबियां सौंपीं। यह कार्यक्रम कोलार क्षेत्र की जनजातीय मछुआ सहकारी समिति के सदस्यों के लिए आयोजित किया गया था।

इस पहल का उद्देश्य मछुआ समुदाय का आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण करना है। कलेक्टर बालागुरू के. ने बताया कि शासन और जिला प्रशासन जनजातीय समुदाय को आत्मनिर्भर बनाने तथा उनकी पारंपरिक आजीविका को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने 'धरती आबा अभियान' को जनजातीय परिवारों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। इन आइस बॉक्स युक्त मोटरसाइकिलों से मछुआरों को ताज़ी मछलियों को सुरक्षित रखने, उनका परिवहन करने और दूरस्थ क्षेत्रों तक आसानी से पहुंचाने में मदद मिलेगी। इससे मछलियां लंबे समय तक ताज़ा रहेंगी, जिससे उनकी बिक्री की संभावनाएं बढ़ेंगी और मछुआरों की आय में सीधा लाभ होगा। शासन की यह पहल न केवल मछुआरों की कार्यक्षमता में वृद्धि करेगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास में भी एक प्रभावी कदम साबित होगी। इस अवसर पर मत्स्य विभाग के सहायक संचालक प्रशांत हर्ष, निरीक्षक रितेश चौधरी, लेखपाल बीएम सिंह सिसोदिया सहित अन्य अधिकारी और हितग्राही उपस्थित थे।

## प्याज ने रुलाया, अब मुस्कान लौटी निर्यात खुलते ही 15 रुपए पहुंचा भाव

### किसानों की हुई जीत, बीते 15 दिनों से प्रदर्शन कर रहे थे किसान



**सीहोर।** प्याज के घटे दामों से संकट में चल रहे किसानों के फिर अच्छे दिन आ गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा निर्यात को खोलने के बाद प्याज के दाम 15 रुपए हो गए है, जिससे किसानों को राहत मिली है।

बता दे पिछले करीब 15 दिनों से प्याज के गिरते दामों ने किसानों को इस कदर तोड़ दिया था कि कहीं 50 पैसे तो कहीं 1 रुपये किलो तक बिक रही फसल सड़कों पर फेंकनी पड़ी थी।

आंखों में आंसू और दिल में दर्द लिए किसान अपनी ही मेहनत की कमाई को यूं बर्बाद होते देख रहे थे। ग्राम चंदेरी में हालात इतने बिगड़ गए थे कि किसानों ने एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में चंदेरी हाईवे (सीहोर–भोपाल रोड) पर प्याज मुफ्त में बांट दी। पांच-पांच किलो की कट्टियां बनाकर चारपहिया, दोपहिया, ऑटो रिक्शा चालकों और राहगीरों को प्याज बांटी गई थी। लेकिन अब तस्वीर बदल चुकी है। केंद्र सरकार द्वारा प्याज के निर्यात को खोलने और नया भाव तय किए जाने के बाद प्याज के दाम 15 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए हैं जिससे किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई।

#### किसानों ने मनाई जमकर खुशियां

प्याज के नए भाव आने के बाद रविवार को ग्राम तोरणन या, रामाखेड़ी और हसनाबाद के किसानों ने रैली निकालकर खुशी मनाई। जय किसान, जय भारत के नारे लगाए। किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है।

### नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया शहीद स्मारक स्थल का निरीक्षण, दिए जरूरी दिशा निर्देश

# एक शाम शहीदों के नाम 16 को, नपा अध्यक्ष और एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसाइटी करेगी परिवारों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के शहीद स्मारक स्थल सैकड़ाखेड़ी रोड पर आगामी 16 दिसंबर को एक शाम शहीदों के नाम भारतीय सेना विजय दिवस एवं शहीद कुंवर चैन सिंह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर एवं एक्स सर्विस मैन वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में शहीद सैनिक परिवार सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर नपाध्यक्ष श्री राठौर, नगर पालिका सीएमओ सुधीर सिंह और सोसाइटी के पदाधिकारियों ने शहीद स्मारक स्थल का निरीक्षण किया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार देश की आजादी के महानायक शहीद कुंवर चैन सिंह स्मारक स्थल पर भारतीय सेना के बलिदानी सैनिक परिवार एवं रणबॉकुरें 1971 के योद्धा सैनिकों का सम्मान किया जाएगा। मंगलवार की शाम पांच बजे शहर के शहीद स्मारक स्थल सैकड़ाखेडी रोड पर यह भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सोसाइटी और नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने क्षेत्रवासियों से एक शाम शहीद के नाम कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।




#### सीहोर शहर शहीदों के नाम से अमर

हमारा शहर शहीदों के नाम से अमर है। जब भी देश पर खतरा आया है उस दौरान हमारे क्षेत्र की धरती पर शहीदों ने कुर्बानी दी है। ऐसे शहीदों के सम्मान के लिए यह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रथम स्वाधीनता संग्राम से भी पूर्व सीहोर के कुंवर चैन सिंह ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आजादी का बिगुल फूंका था। उन्होंने अपने दोस्तों के साथ मिलकर अंग्रेजी हूकुमत की नींव हिलाकर रख दी थी।

कहा जाता है कि चैन सिंह की हुंकार से ही अंग्रेजों के पांव कांपने लगते थे युद्ध नीति में निपुर्ण कुंवर चैन सिंह सीहोर जिले के नरसिंहगढ़ रियासत के राजा थे। ईस्ट इंडिया कंपनी ने नरसिंहगढ़ रियासत के साथ साथ आसपास की कई रियासतों को अपने अधीन कर लिया था। जिसके बाद कुंवर चैन सिंह ने अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया। इसके अलावा सैकड़ाखेड़ी का शहीद स्मारक भी देश पर निछावर होने वालों के लिए प्रथम है।

### बिजली का दुरुपयोग पाए जाने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि अब ई-वाहन/ई-रिक्शा आदि की चार्जिंग में विद्युत का दुरुपयोग पाए जाने पर कार्रवाई होगी। कंपनी ने कहा है कि ई-वाहन तथा ई-रिक्शा मालिकों द्वारा उनके वाहनों की चार्जिंग में बिजली का दुरुपयोग किया जाना संज्ञान में आया है। कंपनी ने कहा है कि मैदानी अधिकारियों द्वारा यदि जांच में ऐसा पाया जाता है तो वाहन जप्त कर विद्युत अधिनियम के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## खबर संक्षेप



### बिजली कर्मियों ने बचाई कबूतर की जान

**सीहोर।** ब्रह्मपुरी कॉलोनी में बिजली विभाग के कर्मचारियों ने मानवता की मिसाल पेश की। यहां हाई टेंशन लाइन के तारों में पतंग के धागे से उलझे एक कबूतर की जान बचाई गई। कबूतर को तड़पता देख एक नागरिक ने बिजली विभाग को सूचना दी थी। टीम ने मौके पर पहुंचकर बिजली सप्लाई बंद की और कबूतर को सुरक्षित बचा लिया। जानकारी के अनुसार, कबूतर उड़ते समय बच्चों की पतंग के धागे में फंस गया था। यह धागा हाई टेंशन लाइन के तारों में उलझ गया, जिससे कबूतर की जान को खतरा पैदा हो गया था। नीचे खड़े लोग कबूतर को तड़पता देख रहे थे, लेकिन हाई टेंशन लाइन होने के कारण वे कुछ कर नहीं पा रहे थे। सूचना मिलते ही बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची। कर्मचारियों ने पहले सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इलाके की बिजली आपूर्ति बंद की। इसके बाद, कर्मचारियों ने सावधानी और धैर्य के साथ कबूतर को तारों से मुक्त कराया। इस पूरी प्रक्रिया में कर्मचारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर बेजुबान की जान बचाई।

### अवैध रेत खनन चरम पर खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवालिया निशान

# रेत माफिया की मनमानी: सिस्टम की चुप्पी से नर्मदा सीना हो रहा छलनी

रात में नदी में चली रहीं पोकलेन मशीनें और पनडुब्बियां, प्रशासन नहीं कर रहा कार्रवाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



नर्मदा नदी में अवैध रेत खनन अब छिपा हुआ अपराध नहीं, बल्कि खुले संरक्षण में फलता-फूलता कारोबार बन चुका है। हर रात सैकड़ों पनडुब्बियां नाव मशीनें नदी में उतरती हैं और सुबह होने से पहले सैकड़ों डंपर अवैध रेत निकाली जा रही है। यह सिलसिला लगातार बिना किसी डर के चल रहा है। लेकिन प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा।

### नियम फाइलों में, नदी में मशीनों का राज

खनन नियम स्पष्ट है कि बिना वैध अनुमति एक ट्रॉली रेत भी नहीं निकाली जा सकती। इसके बावजूद नर्मदा के बीचों-बीच भारी मशीनें गाड़ दी गई हैं। पनडुप्पी नावों पर लगी मशीनें दिन-रात रेत उगल रही हैं। न कोई रोक, न टोक, न कार्रवाई। यह हालात प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि सिस्टम की गहरी विफलता की तस्वीर पेश करते है। स्थानीय लोगों का दावा है कि यदि प्रशासन चाहे तो एक रात में पूरा अवैध नेटवर्क ध्वस्त किया जा सकता है, लेकिन कार्रवाई का न होना संदेह को और गहरा करता है।

**मजदूर उजड़े, माफिया हो रहे मालामाल :** पहले सीमित मात्रा में मजदूरों के जरिए रेत निकासी होती थी। अब मशीनों ने मजदूरों की जगह ले ली है। सैकड़ों परिवार बेरोजगार हो चुके हैं। अवैध खनन अब केवल पर्यावरणीय अपराध नहीं, बल्कि सामाजिक संकट बनता जा रहा है। गुस्सा बढ़ रहा है, असंतोष पनप रहा है, लेकिन माफिया बेखौफ है।

**खनिज विभाग की रहस्यमयी खामोशी से, कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए :** इतने बड़े पैमाने पर चल रहे अवैध खनन के बावजूद खनिज विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। न नियमित निरीक्षण, न जब्ती, न प्राथमिकी। स्थानीय लोगों का आरोप साफ है—बिना विभागीय संरक्षण के इतना बड़ा अवैध कारोबार संभव ही नहीं।



### किसान पर सख्ती, नदी पर खामोशी

फरवरी माह 2025 में ग्राम छिदगांव काछी में एक किसान के खलिहान में खड़ी पनडुप्पी नाव मशीन पर कार्रवाई के लिए खनिज विभाग की अधिकारी खुशबू वर्मा सक्रिय दिखाई दी। लेकिन नर्मदा नदी में चल रही सैकड़ों मशीनों पर वही मैडम जी और खनिज विभाग मौन क्यों है। कानून का यह दोहरा चेहरा अब जनता के सामने है।

**पर्यावरण और नदी तटों को गंभीर नुकसान नर्मदा की लूट और सिस्टम की परीक्षा :** नर्मदा केवल एक नदी नहीं,



बल्कि मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक, धार्मिक और जीवनरेखा है। जब इसी नदी में अवैध खनन खुलेआम चलता रहे और जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठे रहें, तो यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि नैतिक पतन का संकेत है।

### जिला खनिज अधिकारी नहीं उठाते फोन

जिला खनिज अधिकारी धर्मेंद्र चौहान के मोबाइल नं 8966086822 पर संपर्क किया गया। लेकिन उन्होंने फोन रिसिव नहीं किया। स्थानीय लोगों की भी यही शिकायत है कि जिला खनिज अधिकारी श्री चौहान फोन नहीं उठाते हैं।

## स्वदेशी संकल्प यात्रा का हुआ स्वागत




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नागपुर से प्रारंभ हुई स्वदेशी जागरण मंच एवं केट के संयुक्त तत्वाधान में स्वदेशी संकल्प यात्रा का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है।

इसी अनुक्रम में यह यात्रा आष्टा से सीहोर में आई। सीहोर में यात्रा 14 दिसंबर को तहसील चौराहा से प्रारंभ होकर कोतवाली चौराहे तक आयोजित की गई। तहसील चौराहे से यात्रा का प्रारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता, अजय जैन तथा केट जिला सीहोर अध्यक्ष अंबर जैन ने रथ यात्रा को केसरिया झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया गया।

यात्रा में स्वदेशी से संबंधित स्वदेशी वस्तुओं की सूची का वितरण भी किया गया। यात्रा में केट के सदस्य व्यापरीकरण के साथ ही स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता, स्वदेशी अपनाओ, देश को समृद्ध बनाओ जैसे नारे लगाते हुए चल रहे थे।

कोतवाली चौराहे पर मंच के राष्ट्रीय परिषद सदस्य अरुषेन्द्र शर्मा द्वारा स्वदेशी संकल्प यात्रा का उद्देश्य,आवश्यकता एवं प्रासंगिकता पर एक छोटा विषय रखा एवं स्वदेशी संकल्प उपस्थित जन समुदाय को दिलवाया। इस संकल्प यात्रा में स्वदेशी जागरण मंच से श्री मनोज यादव, हुकुम सिंह ठाकुर, प्रदीप सेंगर, संजय सक्सेना सहित बड़ी संख्या में स्वदेशी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ केट सीहोर के जैन समाज अध्यक्ष अजय जैन, शील जैन, सुनील जैन, सुदीप लोवनिया, राजकुमार जैन, अजय जैन, सतीश धाकड़, मुकेश गुप्ता, राकेश मेवड़ा, प्रदीप साबू, सन्नी महाजन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अंत में आभार केट सीहोर के अध्यक्ष अंबर जैन ने व्यक्त किया। स्वदेशी संकल्प यात्रा आगे कालापीपल की ओर रवाना हो गई।

## अम्बेडकर धर्मशाला समिति के चुनाव में सर्वसहमति से अध्यक्ष बने सतेंद्र मंगरोलिया



**सीहोर।** रविवार को मुरली रोड़ स्थित सर्व जाटव समाज की बैठक का आयोजन अम्बेडकर धर्मशाला में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य संरक्षक श्री जसवंतसिंह कचनेरिया द्वारा की गई। जहां पर समाज उत्थान और समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हुई। इसी के साथ ही धर्मशाला समिति अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर भी चर्चा की गई। जिस के लिए चुनाव की बात भी बैठक में रखी गई। वर्तमान अध्यक्ष नीरज जाटव द्वारा प्रस्ताव लाया गया कि मेरे कार्यकाल पूर्ण हो रहा है कोई सक्रीय व्यक्ति को धर्मशाला समिति का अध्यक्ष बनाने हेतु प्रस्ताव बनाया जाए। जाटव समाज के सभी लोगों ने सर्वसम्मति बनाकर धर्मशाला अध्यक्ष की जिममेदारी के लिए सतेंद्र मंगरोलियों को जिम्मेदारी सौंपी। सर्व जाटव समाज के लोगों द्वारा सर्वसम्मति से सतेन्द्र मंगरोलिया को जाटव समाज अम्बेडकर धर्मशाला समिति का अध्यक्ष चुना। समिति अध्यक्ष नियुक्ति के बाद सर्व जाटव समाज के लोगों ने नवनियुक्ति अध्यक्ष श्री मंगरोलिया का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में समिति के सदस्या और समाज जन उपस्थित थे।

## दो दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में साढ़े पांच हजार से अधिक मरीजों की जांच के साथ दवा का वितरण

### 135 गंभीर मरीजों का भोपाल में कराया जाएगा फ्री उपचार



**सीहोर।** इस तरह के भव्य निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में साढ़े पांच हजार से अधिक मरीजों ने पंजीकरण कराया, यह एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल है। इस तरह के आयोजनों से समुदाय को स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँचने में मदद मिलती है। जरूरतमन्द एवं गरीब तबके के लिए सदैव अग्रणी रहा हैं रोटरी क्लब, समाज को समृद्ध बनाने में योगदान सराहनीय, इसके लिए सभी का सहयोग जरूरी है। उक्त विचार शहर के भोपाल नाके के समीपस्थ पीजी महाविद्यालय दो दिवसीय विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर के समापन अवसर पर पहुंचे डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा ने कहे। इस मौके पर उन्होंने रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय, सचिव कपिल अग्रवाल, विपुल चांडक, हर्ष, कमल वाधवानी, अंबर गुप्ता, विजय शर्मा, अर्पित पालीवाल, प्रदीप शर्मा केपी शास्त्री और भोपाल के एक निजी अस्पताल के सहयोग से कराए गए ऐतिहासिक शिविर के विषय में कहाकि इस तरह के सामूहिक स्वास्थ्य शिविर आगे भी किए जाऐंगे।

रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय ने बताया कि दो दिवसीय शिविर में शहर सहित आस-पास के क्षेत्र के मरीजों को आधुधिक मशीनों से जांच की गई। इसमें डिजिटल एक्स-रे, ईसीजी, सोनोग्राफी और रक्त जांच आदि की व्यवस्था की गई थी, इसमें करीब साढ़े पांच हजार से अधिक मरीजों ने पंजीयन कराया, करीब पांच लाख से अधिक की निशुल्क रूप से दवाई का वितरण भी किया गया। इसके अलावा 135 से अधिक गंभीर रोग के मरीजों का अब भोपाल में निशुल्क इलाज किया जाएगा। सभी के लिए भोजन, जांच, आपरेशन तथा दवाईयां का वितरण निशुल्क किया गया। आस-पास के मरीजों के लिए निशुल्क रूप से वाहन भी उपलब्ध कराए गए थे। विधायक सुदेश राय आदि के सहयोग से पीजी कालेज में भव्य व्यवस्था की गई।

**50 से अधिक बीमारियों के विशेषज्ञ मौजूद थे :** शिविर में नेत्र, दन्त, बाल रोग, स्त्री रोग, शुगर रोग, जोड़ों दर्द, हड्डी रोग और हृदय रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक टीम ने मरीजों की जांच की और आवश्यक उपचार व परामर्श प्रदान किया। मरीजों को निःशुल्क दवाइयाँ और चश्मे भी उपलब्ध कराए गए। इसके अतिरिक्त, जरूरतमंदों को ऑपरेशन संबंधी मार्गदर्शन भी दिया गया।

### मौसम में रखें ध्यान, दी सलाह

इस दौरान भोपाल से आए डॉक्टर रविश चौधरी ने कहा कि सर्दी के मौसम पर ध्यान देना चाहिए, सुबह और रात्रि को अधिक ठंड रहती है। दिन में कड़ी धूप रहती है, पर शाम होते सिहरन बढ़ जाती है। सर्दियों का यह सुहावना मौसम अपने साथ स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं भी लेकर आता है। इस दौरान गले में खराश, सर्दी-जुकाम, सीने में जकड़न जैसी समस्याएं होती हैं। ऐसे में थोड़ी सी सावधानी बरत कर जाड़े के मौसम का आनंद लिया जा सकता है। डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर से ग्रसित मरीजों को इस मौसम में खास ध्यान देना जरूरी होता है। जाड़े में मधुमेह (डायबिटीज) के मरीजों में दिल और मस्तिष्क आघात का खतरा रहता है। जाड़े में रक्तचाप बढ़ना भी आम समस्या है। शिविर के लिए रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय, उमंग सक्सेना, हर्ष मित्तल, रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयर्गीय, कपिल अग्रवाल, विपुल चांडक मनोज शर्मा, आदित्य बुंदेला, कृष्णा दवनडे, संजय मुडिया, कमल वाधवानी, अनस खान आदि का काफी सहयोग रहा।

### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर कलेक्टर व एसपी ने किया स्थल निरीक्षण



**सीहोर।** 16 दिसंबर को मुख्यमंत्री, के प्रस्तावित बुदनी प्रवास के मद्देनज़र रविवार को कलेक्टर सीहोर बाला गुरु के एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने कार्यक्रम स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, आमजन की सुविधा, पार्किंग, मंच व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध रूप से समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## 300 मीटर सड़क व नाली निर्माण का भूमिपूजन, वार्डवासियों को जलभराव और आवागमन में मिलेगी राहत



**भैरुंदा।** नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 4 में शनिवार को विकास कार्य का शुभारंभ किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर की मौजूदगी में वार्ड पार्षद ओम पवार ने 300 मीटर लंबी 30 लाख से भी अधिक की सड़क और नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया। निर्माण कार्य के शुरू होने से वार्ड वासियों में खुशी का माहौल है। वार्ड की महिलाओं के द्वारा लंबे समय से सड़क- नाली निर्माण की मांग की जा रही थी। सड़क और नाली का निर्माण होने से वार्ड के निवासियों को बड़ी राहत खराब आवागमन और जलभराव की समस्या से मिलेगी। नई सड़क जहां धूल और गड्ढों से मुक्ति दिलाएगी। वहीं नाली के निर्माण से गंदे पानी की उचित निकासी आसानी से होगी। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने विकास कार्यों को लेकर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य लक्ष्य हर वार्ड में बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर मजबूत करना है। हमारा प्रयास है कि नगर के किसी भी हिस्से के नागरिक आवागमन या जल निकासी जैसी समस्याओं से परेशान न हों। यह 300 मीटर सड़क और नाली का निर्माण उसी संकल्प का प्रमाण है। हम जल्द ही नगर के अन्य क्षेत्रों में भी जनहित के कार्यों को गति देंगे। ताकि भैरुंदा को एक आधुनिक और सुविधा संपन्न नगर बनाया जा सके। भूमि पूजन कार्यक्रम में भाजपा नेता चंद्रकांत खंडेलवाल, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक और रहवासी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील भैरूंदा**
**जिला सीहोर (म.प्र.)**
**प्रकरण क्रमांक 689/1-6/2025-26**
**भैरूंदा, दिनांक 12/12/2025**
**-:: सार्वजनिक नोटिस ::-**

1. उषारानी यदुवंशी पत्नि मोहब्बत सिंह उर्फ मोबस सिंह यदुवंशी जाति जादम निवासी भैरूंदा तहसील भैरूंदा जिला सीहोर म०प्र० ....... आवेदक

-:: बनाम:: -

सर्वसाधारण ...अनावेदक

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उषारानी यदुवंशी पत्नि मोहब्बत सिंह उर्फ मोबससिंह यदुवंशी जाति जादम निवासी भैरूंदा तहसील भैरूंदा जिला सीहोर म०प्र० के द्वारा ग्राम भैरूंदा तहसील भैरूंदा स्थित भूमि सर्वे नंबर 184, 185-0.08, 186-0.08 कुल रकबा 0.105 हे० भूमि के वर्तमान भूमि स्वामी मोहब्बतसिंह आ० प्यारेलाल जाति यदुवंशी का वसीयतनामा के आधार पर स्वयं के नाम नामांतरण किये जाने हेतु निवेदन किया गया है उक्त सबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त सबंध में किसी हितबद्ध पक्षकार, फौत कृषकों के वैध वारिसानों या किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह दिनांक 22/12/2025 के पूर्व स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से अपना पक्ष या अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। म्याद उपरान्त किसी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी तथा प्रकरण मे विधिसंगत कार्यवाही की जावेगी।

**तहसीलदार**
**तहसील, भैरुंदा, जिला सीहोर**

### आलोक शर्मा सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित खेल प्रतियोगिता में हुए शामिल

# खेल से केवल शारीरिक विकास नहीं, बल्कि अनुशासन समर्पण और टीम भावना भी होती है विकसित: सांसद





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर के आवासीय खेल परिसर में सांसद खेल महोत्सव के तहत मंडल स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर कार्यक्रम भोपाल सांसद आलोक शर्मा शामिल हुए और रस्सा कस्सी प्रतियोगिता में युवाओं के साथ रस्सी खीचकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने विजेता खिलाड़यों को सम्मानित किया और उन्हें खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित भी किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पौधारोपण भी किया।

इस अवसर पर सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव केवल खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन नहीं है, बल्कि यह युवाओं में छिपी प्रतिभा को पहचानने, निखारने और उन्हें सकारात्मक दिशा देने का एक सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में खेलों को प्रोत्साहन देने तथा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में यह महोत्सव एक महत्वपूर्ण पहल है। ग्रामीण अंचलों से निकलकर आए प्रतिभाशाली खिलाड़ी आज अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं और यही युवा भविष्य में जिले, प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जीवन में अनुशासन, समर्पण, टीम भावना और संघर्ष की सीख भी देता है। मैदान पर जीत और हार दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि असली सफलता आत्मविश्वास और खेल भावना को बनाए रखने में है। सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन ग्रामीण खेल संस्कृति को सशक्त बनाते हैं और युवाओं को अपने सपनों को साकार करने का अवसर प्रदान करते हैं। ऐसे प्रयासों से हर युवा अपनी प्रतिभा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है और खेल के माध्यम से एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकता है। कार्यक्रम पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सीताराम यादव, गौरव सन्नी महाजन, सुदीप प्रजापति, राजकुमार गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, आवासीय प्राचार्य आलोक शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और युवा खिलाड़ी उपस्थित थे।

### पुलिस की त्वरित विवेचना और न्यायालय की संवेदनशीलता से पीड़िता को मिला इंसाफ

# नाबालिग दुष्कर्म कांड : 16 दिवस में दोषी को उम्रकैद व 25 हजार जुर्माना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

थाना करनवास, जिला राजगढ़ अंतर्गत ग्राम देवलखेड़ा के जंगल क्षेत्र में नाबालिग बालिका के साथ घटित जघन्य दुष्कर्म प्रकरण में पुलिस, अभियोजन एवं न्यायालय के समन्वित प्रयासों से मात्र 16 दिवस के ट्रायल में पीड़िता को न्याय दिलाया गया। न्यायालय ने आरोपी गोरधन पिता रामलाल जाटव (उम्र 62 वर्ष), निवासी ग्राम देवलखेड़ा को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही 25 हजार का जुर्माना भी लगाया गया जो पीड़िता को मिलेगा। प्रकरण में अपराध क्रमांक 108/2025, 18 अगस्त 2025 को थाना करनवास में मामला पंजीबद्ध किया गया। घटना 10 मार्च 2025 की है, जो ग्राम देवलखेड़ा के जंगल में नाले के पास घटित हुई। पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 64(2)(प), 64(2)(उ), 65(1), 351(3) एवं पॉक्सो एक्ट की धारा के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

#### त्वरित कार्रवाई और संवेदनशील विवेचना

प्रकरण की विवेचना उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह, थाना प्रभारी करनवास द्वारा की गई। रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ने पीड़िता के कथन, वीडियोग्राफी, मेडिकल परीक्षण, काउंसिलिंग एवं कानूनी प्रक्रियाओं को प्राथमिकता से पूर्ण किया। महिला चिकित्सक उपलब्ध न होने पर पीड़िता का जिला अस्पताल राजगढ़ में परीक्षण कराया गया, जहां से उसे आगे सोनोग्राफी हेतु भोपाल रेफर किया गया। मध्य रात्रि में ही पीड़िता को बाल कल्याण समिति राजगढ़ के समक्ष प्रस्तुत कर काउंसिलिंग कराई गई, जिससे उसकी मानसिक स्थिति को संबल मिल सके।

#### आरोपी की गिरफ्तारी और मेडिकल जांच

19 अगस्त 2025 को मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी को ग्राम देवलखेड़ा के जंगल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी का मेडिकल परीक्षण कर डीएनए सैंपल सुरक्षित किया गया। न्यायालय में पेश करने पर उसे जेल दाखिल किया गया।

#### पीड़िता नाबालिग, गर्भावस्था ने बढ़ाई गंभीरता

जांच के दौरान शासकीय माध्यमिक विद्यालय से प्राप्त अभिलेखों के अनुसार पीड़िता की आयु 14 वर्ष 03 माह पाई गई। सोनोग्राफी रिपोर्ट में पीड़िता के गर्भ में 26 सप्ताह 01 दिन का भ्रूण पाया गया, जिससे मामला अत्यंत संवेदनशील और गंभीर हो गया।

#### न्यायालय से लेकर उच्च न्यायालय तक त्वरित प्रक्रिया

पीड़िता के स्वास्थ्य और गर्भावस्था को देखते हुए मामला अपर सत्र न्यायालय ब्यावरा एवं तत्पश्चात उच्च न्यायालय इंदौर तक पहुंचा। उच्च न्यायालय के निर्देश पर चिकित्सकीय विशेषज्ञ टीम का गठन कर विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। सभी कानूनी औपचारिकताओं के बाद उच्च न्यायालय द्वारा आवश्यक चिकित्सकीय कार्रवाई की अनुमति प्रदान की गई।

#### फॉरेंसिक साक्ष्य बने निर्णायक

प्रकरण में आरएफएसएल भोपाल की डीएनए रिपोर्ट अत्यंत महत्वपूर्ण रही। रिपोर्ट के अनुसार नवजात शिशु का डीएनए प्रोफाइल, पीड़िता एवं आरोपी से मेल खाता पाया गया, जिससे आरोपी के अपराध की वैज्ञानिक पुष्टि हुई।

#### 16 दिवस का ऐतिहासिक ट्रायल

पुलिस द्वारा 10 अक्टूबर 2025 को अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। इसके बाद न्यायालय रजनी प्रकाश बाथम के समक्ष निरंतर सुनवाई हुई। महज 16 दिवस में पीड़िता, उसके परिजन, चिकित्सक, फॉरेंसिक विशेषज्ञ, पंच साक्षी, पुलिस अधिकारी सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के कथन दर्ज किए गए।

#### फैसला - आजीवन कारावास

सभी साक्ष्यों, गवाहों एवं डीएनए रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय ने आरोपी गोरधन जाटव को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

#### समाज के लिए सख्त संदेश

यह निर्णय न केवल पीड़िता को न्याय दिलाने वाला है, बल्कि समाज के लिए भी कड़ा संदेश है कि नाबालिगों के विरुद्ध अपराध करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

### संकुल प्राचार्यों, लेखापाल, डीडीओ के लेखापालों की समीक्षा बैठक में निर्देश

# भुगतान लंबित रखने वाले 17 जिम्मेदारों को निलंबन के नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा 01 जनवरी 2024 से 30 नवंबर 2025 के बीच सेवानिवृत्त हुए विभिन्न विभागों के शासकीय सेवकों के लंबित देयकों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समस्त संकुल प्राचार्य, लेखापाल एवं जिले के डीडीओ के लेखापाल उपस्थित रहे।

समीक्षा के दौरान ई-गवर्नेंस द्वारा तैयार गूगल शीट में भुगतान तिथि एवं भुगतान की गई राशि की जानकारी एवं लंबित देय स्वत्वों की स्पष्ट जानकारी प्रस्तुत नहीं किए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के विभिन्न भुगतान अनावश्यक रूप से लंबित रखने पर 17 लेखापालों सहित अन्य जिम्मेदारों को निलंबित करने के नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए हैं। शासकीय कार्य के प्रति लापरवाही, स्वेच्छाचारिता तथा कर्तव्य विमुख आचरण की श्रेणी में आने के कारण निलंबन के नोटिस जारी किए गए हैं।

#### इन्हें जारी हुए सस्पेंशन के नोटिस

जिन लेखापालों व भुगतान शाखाओं के जिम्मेदारों को निलंबन के नोटिस जारी किए गए हैं उनमें राजेश साहू लेखापाल संकुल पढाना, सुरेन्द्र बिरोन लेखापाल संकुल पढाना, राजेन्द्र जाटव लेखापाल, मुकेश साहू लेखापाल बीईओ सारंगपुर, विश्वनाथ सिंह उमठ लेखापाल बीईओ नरसिंहगढ़, सुनील आर्थ बीईओ कार्यालय नरसिंहगढ, शिव नारायण वर्मा संकुल प्राचार्य पढाना, धगेन्द्र मेवाडे लेखापाल बीईओ खिलचीपुर, चुन्नीलाल दांगी बीईओ कार्यालय खिलचीपुर, दिनेश पारिक लेखापाल सीएमएचओ कार्यालय, महेश शर्मा स्थापना भू-अभिलेख, लक्ष्मीनारायण कुंभकार लेखापाल सिविल सर्जन कार्यालय, देवनारायण विश्वकर्मा पीएचई राजगढ़, शाहिद काजी नायब नाजिर तहसील खिलचीपुर, श्याम सुंदर जौधाना नायब नाजिर जीरापुर, बीएस सोलंकी लेखापाल सामाजिक न्याय विभाग एवं मनोज मैथिल शामिल हैं।

### नायब तहसीलदार ने की अतिक्रमण के विरुद्ध बेदखली की कार्रवाई



**माचलपुर।** रामगोपाल सत्यनारायण मोदी द्वारा रहवासी कॉलोनी विद्याधाम में दुकानों निर्माण के सामने की बेशकीमती शासकीय जमीन पर अतिक्रमण किया हुआ था जिस पर पटवारी की रिपोर्ट पर नायब तहसीलदार रामनिवास धाकड़ ने अतिक्रमण धारी को अर्थ दंड से दंडित किया था। उक्त अतिक्रमण की खबर हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित की थी जिस पर संज्ञान लेते हुए नायब तहसीलदार रामनिवास धाकड़ ने खुद मौके पर जाकर कस्बा पटवारी भेरूलाल दांगी और टीम के साथ जमीन से अतिक्रमण हटवाया साथ ही आगे से अतिक्रमण ना करने की हिदायत दी।

## दहेज में 10 लाख की डिमांड, पति, सास और ससुर पर एफआईआर

**राजगढ़।** एक विवाहिता महिला को मायके से दहेज में 10 लाख रुपए और कार लाने की डिमांड को लेकर दी जा रही प्रताड़ना के चलते पुलिस ने ससुराल पक्ष के तीन लोगों पर दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि ससुराल पक्ष के लोग फरियादिया को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित कर मारपीट भी किया करते थे। जानकारी के अनुसार सुठालिया थानाक्षेत्र के उमरेड निवासी मधुबाई लोधा का विवाह सुनील पिता शिवनारायण लोधा निवासी ग्राम निनोर थाना नरसिंहगढ़ से हुआ था। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा लगातार मधुबाई से दहेज में 10 लाख रुपए नकद और कार देने की मांग की जा रही थी। मायके पक्ष द्वारा यह मांग पूरी न कर पाने पर ससुरालियों द्वारा मधुबाई से मारपीट कर परेशान किया जा रहा था। फरियादिया की शिकायत मिलने पर सुठालिया पुलिस ने पति सुनील पिता शिवनारायण लोधा, ससुर शिवनारायण लोधा एवं सास नौरंगबाई पत्नी शिवनारायण सर्व निवासी ग्राम निनोर पर बीएनएस की धारा 85, 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज की है।

## सारंगपुर को करोड़ों की सौगात नवीन जनपद पंचायत भवन सहित कई कार्यों का भूमि पूजन




**सारंगपुर।** सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास को नई गति देते हुए मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने शनिवार को नवीन जनपद पंचायत भवन, शासकीय विश्रामगृह तथा नगर पालिका परिषद के विभिन्न वार्डों में करोड़ों रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। भूमि पूजन कार्यक्रम में सांसद रोडमल नागर, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर, एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, जनपद सीईओ हेमेंद्र गोविल, नपा सीएमओ ज्योति सुनेरे, एसडीओ कृपाल पोरवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान विकास कार्यों की रूपरेखा साझा की गई, जिससे नगरवासियों में उत्साह का माहौल रहा। मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प शहरों और कस्बों में मजबूत, टिकाऊ और आधुनिक आधारभूत संरचना का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि इन कार्यों के पूर्ण होने से नागरिकों को बेहतर सड़कें, सुदृढ़ जल निकासी व्यवस्था, सामुदायिक भवनों की सुविधाएं तथा सामाजिक-धार्मिक आयोजनों के लिए उपयुक्त स्थल उपलब्ध होंगे।

## स्कार्पियो में पीछे से घुसी बाइक, 2 गंभीर, 1 रेफर

**राजगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-52 पर राजगढ़-खिलचीपुर के बीच शनिवार दोपहर हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार 2 युवक घायल हो गए। हादसे के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार उपरान्त एक की हालत गंभीर होने पर उसे भोपाल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार हीरालाल पिता रामसिंह तंवर निवासी ग्राम बोरदा थाना भोजपुर एवं याशीन पिता अलीखां निवासी पुरा, जिला नरसिंहपुर अपनी बाइक से खिलचीपुर से राजगढ़ आ रहे थे। इस दौरान बड़बड़ी के नजदीक हाईवे पर बने ब्रेकर के यहां एक स्कार्पियो वाहन की गति धीमी होने पर बाइक स्कार्पियो में जा घुसी। दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल हो गए। दुर्घटनाओं के मामलों में अक्सर बड़े वाहन हादसा होने पर मौके से भाग निकलते हैं लेकिन इस मामले में जिस स्कार्पियो वाहन से दुर्घटना हुई उसका मालिक खुद दोनों घायलों को जिला अस्तपाल लेकर पहुंचा। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हीरालाल को गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया है।

### बीए तृतीय वर्ष की छात्रा ने लगाई फांसी

**जीरापुर।** नगर के बंसल कॉलोनी के पीछे खिलचीपुर रोड के समीप एक घटना सामने आई है, जहां बीए तृतीय वर्ष की छात्रा ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीए तृतीय वर्ष में अध्यनरत युवती अपनी बहन के साथ बंसल कॉलोनी के पीछे खिलचीपुर रोड के समीप किराये के मकान में रहती थी तथा एक प्रायवेट स्कूल में अध्यापन भी कार्य करती थी। जिसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी अनुसार संजू पिता मनोहर सिंह परिहार निवासी खाखरी ने अपनी बहन के साथ पढ़ाई के लिए जीरापुर में किराए के मकान में रह रही थी तथा एक निजी स्कूल में पढ़ाने का कार्य भी करती थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एवं 112 डायल की टीम मौके पर पहुंची और शव को सिविल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### जिले के 8 पूर्व सरपंचों को वसूली आदेश व वारंट जारी

**राजगढ़।** जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी भवनों सहित अन्य कार्यों से जुड़ी राशि पंचायत के खातों से निकालने के उपरान्त भी 7 पूर्व सरपंचों ने काम नहीं करवाया। ऐसे में जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले ने वसूली आदेश के साथ ही कुछ सरपंचों को जमानती वारंट जारी किए हैं। आंगनबाड़ी भवन निर्माण के एवज में राशि आहरित कर काम न कराने वाले जनपद सारंगपुर की ग्राम पंचायत भैंसवामाता राशि रुपए 89 हजार 625, ग्राम पंचायत सरेड़ी की राशि 7 लाख 11 हजार, जीरापुर की ग्राम पंचायत अरन्या की राशि 1 लाख 78 हजार 600 रुपए जमा नहीं कराने एवं पेशी पर उपस्थित नहीं होने के चलते यहां के पूर्व सरपंचों से वसूली आदेश पारित किए गए हैं।

## चंदेरी में एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



एसआईआर वर्ष-2026 गहन पुनरीक्षण विधानसभा-033 चंदेरी में शनिवार को संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रामप्रताप सिंह जादौन द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विधानसभा में चल रहे एसआईआर कार्य की समीक्षा की गई। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा विभिन्न मतदान केन्द्रों पर भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान मतदान केन्द्र कमांक- 184,185-वडेरा में ए.एस.डी.आर. सूची वाचन कार्यक्रम में संम्मिलित हुये। उनके द्वारा विभिन्न राजनैतिक दलों के वी.एल.ए. एवं ग्रामीणजनों से चर्चा की गयी एवं वी.एल.ओ. को आवश्यक निर्देश दिये गये। भ्रमण के दौरान संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवकीनन्दन सिंह व अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी चन्देरी मनीष धनगर भी उपस्थित रहे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रामप्रताप सिंह जादौन द्वारा विधानसभा 033 चन्देरी एवं अशोकनगर जिले में गहन पुनरीक्षण के दौरान किये जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया।

### श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 18 जनवरी से

**आरोन।** नगर स्थित श्री सनातन धर्म मंडल प्रांगण में 18 वर्षों से आयोजित होती चली आ रही श्रीमद् भागवत कथा का 19वां आयोजन श्री सनकादिक संस्कृत विद्यालय, थाना के सामने, आरोन में किया जा रहा है। यह पावन आयोजन 18 जनवरी से 25 जनवरी तक संपन्न होगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म की रक्षा, संस्कृति का संवर्धन, बालकों में संस्कारों का विकास, तथा समाज में फैल रही नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाकर नशा-मुक्त समाज की स्थापना करना है।

## साक्षी जैन डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल




मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड, मैजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी, फरीदाबाद दिल्ली एनसीआर के तत्वावधान में मानद डॉक्टरेट अवार्ड सम्मान समारोह का आयोजन 13 दिसंबर को फरीदाबाद के दशमेश प्लाजा स्थित कैसल ऑफ आर्ट ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। जिसमें कालापीपल की कवयित्री साक्षी जैन को हिन्दी साहित्य सृजन के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं विशिष्ट सेवा के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता मैजिक एंड आर्ट विश्वविद्यालय के चेयरमैन, कुलाधिपति डॉ. सीपी यादव ने की। मुख्य अतिथि सीपीआर मास्टर ट्रेनर ऑफ अमेरिका तथा सेंट जॉन एम्बुलेंस इंडिया के उपायुक्त डॉ. राजेन्द्र सैनी ने की। साथ ही अन्य अतिथियों में डॉ रामावतार शर्मा एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट, डॉ हरिओम शर्मा सामाजिक कार्यकर्ता, आर.पी. हैंड ओर डॉ निरंजन बक्शी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि साक्षी जैन शिक्षा क्षेत्र के साथ साथ साहित्य क्षेत्र के साथ जुड़ी हुई हैं। उनके द्वारा साक्षी काव्य संग्रह के नाम से कविता संग्रह प्रकाशित हो चुकी हैं। साथ ही उनकी रचनाएं प्रदेश एवं देश के विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में नियमित रूप से प्रकाशित हो रही है। साक्षी जैन को साहित्य क्षेत्र में कई सम्मान / पुरस्कार प्राप्त हो चुके है। साक्षी जैन 2024 में अटल बिहारी वाजपेई पुरस्कार व 2025 में विश्व भूषण पुरस्कार लखनऊ में प्राप्त कर चुकी है। इसके साथ ही साक्षी जैन ने बताया वह अभी तक 200 से अधिक कविताएं लिख चुकी है, ये कविताएं विभिन्न समाचार-पत्रों और किताबों में प्रकाशित हो चुकी है, उनकी साक्षी काव्य संग्रह के नाम से स्वयं की किताब भी प्रकाशित हो चुकी है, जिसमें 63 कविताओं का संग्रह है। इस कार्यक्रम में देश के 76 व्यक्तियों को डॉक्टरेट की डिग्री से नवाजा गया। जिसमें साहित्य के क्षेत्र में सिर्फ साक्षी जैन को डॉक्टरेट की डिग्री से नवाजा गया।

### पीआईयू ने ही निर्माण एजेंसी को नहीं किया है करीब 9 करोड़ का भुगतान

# मजदूरी अटकी, मेडिकल कॉलेज के 120 मजदूर हड़ताल पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के लिए बड़ी सौगात माने जा रहे करीब 220 करोड़ की लागत वाले मेडिकल कॉलेज का निर्माण शुरूआत से ही कछुआ गति से चल है। अपनी तय अवधि से करीब ढाई साल पीछे चल रहे इस चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण में पिछले कुछ महीनों से तेजी आने के बाद अब फिर से काम की गति धीमे होने की संभावना है। दरअसल, कॉलेज बिल्डिंग के निर्माण विभिन्न सप्लायरों के माध्यम से लगे करीब 120 मजदूरों को निर्माण एजेंसी से बीते तीन महीनों से उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं किया है। राजगढ़ जिले सहित अन्य राज्यों से रोजी-रोटी की तलाश में यहां काम करने आए इन मजदूरों को तीन माह (सितंबर, अक्टूबर, नवंबर) से एजेंसी ने उनकी मजदूरी/मेहनताने का भुगतान नहीं किया है। एजेंसी के अधिकारियों से बार-बार गुहार लगाने के बाद भी जब मजदूरों को उनका भुगतान नहीं किया गया तो शनिवार से सभी मजदूर काम बंद कर हड़ताल पर चले गए। मजदूरों का कहना है कि हम अपना गांव, शहर छोड़कर दो जून की रोटी के लिए यहां काम करने आए हैं लेकिन जब महीनों तक हमें हमारा मेहनताना नहीं मिलेगा तो हम अपना घर, परिवार कैसे चलाएंगे।

#### पीआईयू से ही एजेंसी को नहीं हुआ भुगतान

सूत्रों के अनुसार निर्माण एजेंसी श्रीजी कन्सट्रक्शन कंपनी द्वारा पीआईयू (प्रोजेक्ट इम्प्लीमेन्टेशन यूनिट) में करीब 9 करोड़ रुपए के बिल सब्मिट किए हुए हैं परन्तु विभाग द्वारा कंपनी को भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे में कंपनी भी अपनी लेबर को समय पर पेमेंट नहीं दे पा रही है। हालांकि, मेडिकल कॉलेज निर्माण में करीब 500 मजदूर काम कर रहे हैं जिनमें से 120 मजदूरों ने अपनी मजदूरी न मिलने के चलते काम बंद कर दिया।

#### 2024 में पूरी होने वाली परियोजना अभी तक अपूर्ण

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय पर संकट मोचन बड़ली क्षेत्र के एक बड़े भूभाग में इस चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण चल रहा है। प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान साल 2022 में इस महते प्रोजेक्ट का भूमिपूजन करके गए थे। लेकिन मजदूरों की कमी, विद्युत विभाग की पोल शिफ्टिंग में लेट-लतीफी सहित विभिन्न कारणों के चलते जिस परियोजना को 2024 में पूर्ण हो जाना था वो अब तक पूरी नहीं हो पाई है।

#### स्वास्थ्य आयुक्त भी लगा चुके हैं फटकार

स्वास्थ्य विभाग के तत्कालीन आयुक्त तरुण पिथोड़े भी इस मेडिकल कॉलेज के निर्माण की अत्यंत धीमी गति को लेकर निर्माण एजेंसी को फटकार लगा चुके हैं। करीब 2 वर्ष पूर्व पिथोड़े जब इस निर्माणाधीन कॉलेज के निरीक्षण पर आए थे तब भी एजेंसी द्वारा लेबर की कमी की समस्या बताई गई थी वहीं अब एक बार फिर से 120 मजदूरों के अचानक काम बंद कर देने से कहीं न कहीं यह प्रोजेक्ट जल्द पूर्ण होता नजर नहीं आ रहा।

#### इनका कहना है...

मैं निर्माण एजेंसी के प्रोजेक्ट मेनेजर से बात करता हूं। यह भी सही है कि ऊपर से ही भुगतान अटका हुआ है जिसके चलते निर्माण एजेंसी के 9 करोड़ के बिलों के पेमेंट लंबित हैं।

ज्ञानदीप भूमरकर
कार्यपालन यंत्री, पीडब्ल्यूडी (भवन), राजगढ़

# माता-पिता-गुरु के आशीर्वाद से आयु विद्या और यश की प्राप्ति होती: बापू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





नईसराय सुरई मैदान में हो रही श्री राम कथा के चैथे दिन अंतर्राष्ट्रीय धर्माचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने राम जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि माता-पिता-गुरु के आशीर्वाद से आयु विद्या और यश की प्राप्ति होती है।

उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम ने जन्म लेकर मर्यादा बनाते हुए माता-पिता गुरु से आशीर्वाद लेकर सारे कार्य करने की पद्धति बनाई। भगवान श्री राम पिता की आज्ञा पालन कर अयोध्या के सारे कार्य करते हैं। वही गुरु वशिष्ट जी के यहां विद्या अध्ययन कर आचार संहिता का निर्वहन करते हैं और आज इसके विपरीत हो रहा है कोचिंग और ट्यूशन के माध्यम से गुरु को अपने घर बुलाकर अपने बच्चों को विद्या अध्ययन करने वाले माता-पिता अपने बच्चों के भविष्य को बिगाड़ते हैं इससे बच्चों में अज्ञान आता है और उत्तम ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती है। गुरु आश्रम में विद्या अध्ययन करने से गुरु का सम्मान होता है साथ ही निर्मल बुद्धि की प्राप्ति होती है जगतगुरु देवमुरारी बापू ने आगे कथा में यह भी बताया कि भगवान श्री राम प्रातः काल उठकर माता-पिता गुरु को प्रणाम कर आशीर्वाद लेते और ब्रह्म मुहूर्त में उठते हैं इससे विद्यार्थी एवं पुत्र को आयु विद्या और यश की प्राप्ति होती है अगर किसी को यह तीनों चाहिए तो संस्कार बान बनने के लिए भगवान श्री राम के पद चिन्ह पर चले। जिससे संसार में यश बढ़ेगा और राम जी की कृपा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि इसी कारण भगवान श्री राम का जन्म होता है कि मनुष्य को उत्तम मार्ग दिखाया जा सके और उचित शिक्षा कैसे प्राप्त हो इसका मार्ग सुनिश्चित हो।

## खबर संक्षेप

### प्राचीन गणेश मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**सीहोर**। शहर के शुगर फैक्ट्री स्थित प्राचीन गणेश मंदिर में रविवार को भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर भगवान गणेश की आरती की गई और उसके पश्चात यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। रविवार को मंदिर की ओर से व्यास परिवार ने यहां पर मौजूद रितेश अग्रवाल, विशाल खत्री, गगन खत्री और कमलेश अग्रवाल आदि का सम्मान किया और कहाकि इस तरह के आयोजन से यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को आनंद की प्राप्ति होती है। रविवार को सर्व प्रथम सुबह महाआरती का आयोजन किया गया था, इसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल थे, करीब पांच घंटे से अधिक समय तक चले इस भव्य भंडारे में करीब ढाई हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसादी प्राप्त की। इस मौके पर जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद के पदाधिकारी गगन खत्री का कहना है कि शहर में भगवान गणेश का मंदिर और कुबेरेश्वरधाम मंदिर ने हमें देश में प्रसिद्ध दिलाई है। यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसादी मिले इसके लिए अग्रवाल और खत्री परिवार के सहयोग से हमारे द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया था, भंडारे में बड़ी संख्या में अनेक समाज के लोगों ने प्रसादी का वितरण किया।

### कलेक्टर ने शुक्रवार रात जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

**देवास**। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने शुक्रवार रात को जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने वार्डों में पहुँचकर मरीजों से उपचार, सुविधाओं और समस्याओं के संबंध में चर्चा की तथा अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक सुधार करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कुछ वार्डों में डॉक्टर और नर्स अनुपस्थित पाए जाने पर कलेक्टर सिंह ने संबंधितो के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान एसएनसीयू वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर और मेटरनिटी में स्टॉफ नर्स अनुपस्थित पाई गई, जिसपर कलेक्टर ने संबंधितों पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

## मुख्य नहर में रिसाव होने से किसानों की गेहूं की फसल हो रही बर्बाद

# रामपुरा डेम की नहर हुई क्षतिग्रस्त, पानी के रिसाव से खेत बने तालाब, गलने लगीं फसलें

धर्मपुरी जोड़ से लेकर गत्तापाला तक नहर में बड़े पैमाने पर रिसाव होने से आसपास के खेतों में भर रहा पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज



रामपुरा डैम की मुख्य नहर जगह-जगह फूट जाने के कारण किसान के खेतों में पानी भर रहा है। जिससे किसानों की फसल बर्बाद हो रही है। खेतों में जगह-जगह नहर का पानी भरा हुआ है। जिससे किसान की रबी की फसल बर्बाद हो रही है। किसानों द्वारा कई बार विभाग में शिकायत कर चुके हैं फिर भी सिंचाई विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे।

### किसानों ने कहा, कई बार शिकायत के बाद समस्या का नहीं हुआ निदान

रामपुरा डैम की मुख्य नहर इन दिनों किसानों के लिए समस्या का कारण बनती जा रही है। धर्मपुरी जोड़ से लेकर गत्तापाला तक नहर में बड़े पैमाने पर रिसाव होने से आसपास के खेतों में लगातार पानी भर रहा है। गेहूं की फसल अपनी बढ़त के महत्वपूर्ण चरण में है, ऐसे समय में खेतों में जमा पानी किसानों की मेहनत पर पानी फेर रहा है। आसपास के किसान दीपक वर्मा, राहुल वर्मा, देवनारायण वर्मा, बाबूलाल वर्मा, संतोष वर्मा और श्रीराम वर्मा, राकेश करोरिया, सुनील सुराना ने बताया कि नहर की दीवारें कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। कुछ जगहों पर मिट्टी कटकर गड्ढे बन गए हैं, जिनसे पानी तेजी से खेतों की ओर जा रहा है। किसानों का कहना है कि फसल में पानी भरने से पौधों की जड़ों में सड़न शुरू हो जाएगी और कई खेतों में गेहूं पूरी तरह नष्ट हो जाएगा इससे उपज पर सीधा असर पड़ना तय है।

### स्थिति बन रही गंभीर



किसानों ने बताया कि नहर से रिसाव की समस्या पहले भी सामने आती रही है, लेकिन इस बार स्थिति ज्यादा गंभीर है। किसानों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को कई बार शिकायत की, लेकिन अभी तक न तो नहर की मरम्मत की गई और न ही किसी प्रकार का निरीक्षण किया गया। किसानों का कहना है कि समय पर मरम्मत नहीं होने से उनकी पूरी सीजन की मेहनत बर्बाद होने की कगार पर है। स्थानीय किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत नहर की मरम्मत कराई जाए, रिसाव को रोका जाए और हुए नुकसान का सर्वे करवाकर उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। किसानों का कहना है कि यदि जल्द कदम नहीं उठाए गए, तो क्षेत्र में फसल चौपट होने से आर्थिक संकट गहरा सकता है।

**कराएंगे मरम्मत**

मुझे इसकी जानकारी नहीं है, जल्द ही सिंचाई विभाग से बात कर क्षतिग्रस्त नहर की मरम्मत कराई जाएगी, ताकि किसानों की फसल बर्बाद ना हो। जल्द ही जिन किसानों के खेतों में पानी का रिसाव हो रहा है नहर की मरम्मत कर पानी का रिसाव बंद किया जाएगा।

**नितिन टाले**, अनुविभागी अधिकारी आष्टा

## विकास, विश्वास और सेवा के दो साल पूर्णः गोपाल सिंह इंजीनियर

### ग्राम पंचायतों को वितरित किए पानी के टैंकर




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा विधानसभा के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा 16 ग्राम पंचायत को पानी के टैंकरों का वितरण समारोह पूर्वक किया।

अभी तक विधायक ने 79 ग्राम पंचायतों को 1 करोड़ 25 लाख 77 हजार के 79 टैंकरों का वितरण किये है। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने 2 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित टैंकर वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 2 वर्ष पूर्व मध्य प्रदेश की 8 करोड़ जनता ने भारतीय जनता पार्टी को जो आशीर्वाद प्रदान किया था और सरकार बनाई थी। आज उस सरकार के 2 वर्ष पूर्ण हुए हैं। 2 वर्ष पूर्ण होने पर हमारे पास उपलब्धियां का बड़ा भंडार आप सबके सामने है। आज केवल आष्टा विधानसभा क्षेत्र की ही बात करें तो आष्टा विधानसभा क्षेत्र में लगभग ढाई सौ करोड रुपए के विकास कार्य विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे हैं। जो कार्य पूर्ण हो गए हैं तथा जिन कार्यों का शुभारंभ होना है हम जल्द ही मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को आष्टा लाएंगे और विकास कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण उनके हाथों से करायेंगे।

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि आब जल्द ही विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण और किसानों को नर्मदा का जल भी प्राप्त होगा। नर्मदा का जल को लेकर पार्वती नर्मदा लिंक की जो योजना चल रही थी वह भी अब अंतिम चरण में है। उसकी टेस्टिंग भी हो रही है, तथा जल्दी ही चार-पांच महीने के अंदर किसानों तक नर्मदा का जल पहुंचेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम को जिला महामंत्री धारासिंह पटेल, राजेंद्र केशव, देवजी पटेल, राकेश सिसोदिया, विजेंद्र सिंह ठाकुर, शिव पाटीदार, सुनील आर्य, विजेंद्रसिंह ठाकुर, तेज सिंह कप्तान, विशाल चौरसिया, ऋतु जैन, उमेश शर्मा आदि ने भी संबोधित किया। र्यक्रम का सफल संचालन सुशील संचेती ने किया एवं अंत में आभार नगर भाजपा की अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया द्वारा व्यक्त किया गया।

## आतंकवाद जैसे लंबे संघर्षों के बाद भी कश्मीर घाटी में मुस्कान आईः अकबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



कश्मीर के सामुदायिक जीवन पद्धति में पुनः सांस्कृतिक अधिकारों जैसे कला,अभिव्यक्ति, रीति रिवाज, भ्रमण, व्यापार के साथ-साथ शिक्षा और परंपराओं पर भी जोर दिया जा रहा है। विद्यार्थियों, युवाओं में शिक्षा, उच्च शिक्षा और सीखने, कौशल शिक्षा, तकनीकि शिक्षा की तरफ तेजी से बढ़ते दिखाई दे रहे है, सामान्य कश्मीरी कामकाजी युवा स्नातक शिक्षा प्राप्त कर ही रहा हैं। परंतु वहां की आकस्मिक हमले, सुरक्षा और राजनीतिक कारणों के चलते युवाओं को कई चुनौतियों के साथ उनकी प्रतिभाएं बाधित हो रही है। आवश्यकता है कि प्रभावित क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति का सम्मान और संरक्षण और मानव अधिकारों को सुनिश्चित किए जाने की ओर कदम उठाए जाने चाहिए। ताकि अधिक अवसर प्रदान किया जा सके। उक्त बात राष्ट्रीय मानव अधिकार सेवा संगठन भारत नई दिल्ली द्वारा शोध हेतु राज्य जम्मू कश्मीर हेतु विजिटर (प्रतिनिधि) के रूप में नियुक्त मोहम्मद अकबर सिद्दीकी ने कहीं आपने आगे बताया कि यात्रा के दौरान एक रात स्थानीय ग्रामीण कश्मीरी परिवार में रहकर वहां के खानपान, रीति रिवाज, भाषा तथा व्यवहार पर भी अध्ययन किया गया साथ ही आतंकवाद जैसे जटिल मुद्दों, सांस्कृतिक तथा मानव अधिकारों पर चर्चा कर भारतीय राष्ट्रीय मुख्य धारा से जुड़कर राष्ट्र भावना जागृत करने रहने पर भी चर्चा की।

## अखिल भारतीय जाट महासभा सीहोर जिला अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अखिल भारतीय जाट महासभा समाज का एक ऐसा सक्रिय संगठन है जो लगातार सामाजिक गतिविधियों एवं सामाजिक कार्य अपनी उपस्थिति से लेकर समाज के हर छोटे से बड़े सामाजिक मुद्दों पर अपनी अहम भूमिका निभाने वाला संगठन है, इस संगठन से देश प्रदेश सहित अन्य देश से भी जाट समाज के लोग जुड़कर समाज में अपनी सेवा दे रहे हैं।

इसी के साथ अखिल भारतीय जाट महासभा प्रदेश सचिव धनंजय जाट ने बताया कि संगठन का अर्थ मिले दायित्व को ज़िम्मेदारी न समझकर सामूहिक रूप से एक साथ मिलकर काम करना। इसी उद्देश्य से संगठन को और मजबूती प्रदान करने हेतु संगठन में देशभर से समाज के युवाओं को जोड़ा जा रहा है, इसी कड़ी में मध्य प्रदेश में संगठन को और मजबूती देने एवं संगठन का विस्तार करने हेतु अखिल भारतीय जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कैप्टन अमरिंदर सिंह, राष्ट्रीय महासचिव श्री युद्धवीर सिंह, राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र सिंह पचोर, प्रदेश अध्यक्ष विलासजी पटेल एवं महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अयोध्या जी गोदारा की अनुशंसा पर समाज के वरिष्ठ जन द्वारा लगातार प्रदेश में जिला स्तरीय बैठक समय-समय पर आयोजित की जा रही है, आगे धनंजय जाट ने बताया कि आगामी दिनों में सीहोर जिला अध्यक्ष की घोषणा होना है।

इसी को लेकर सामाजिक लोगों की एक बैठक आष्टा में भी आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक चर्चा के साथ ही जिला अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर चर्चा हुई। चर्चा करते हुए जाट समाज आष्टा द्वारा अपने सुझाव रखते हुए कहा कि जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी जिसे भी मिले वह अपना दायित्व अच्छे से निभाते हुए सक्रिय रहते हुए जिला अध्यक्ष की अहम भूमिका पूरी जिम्मेदारी एवं ईमानदारी के साथ निभाएं। इन्हीं सब चर्चाओं के साथ बाहर से पधारे समाज के भागीरथ पटेल, राजेश पटेल, जयप्रकाश दुक्तावा, देवीलाल बेड़ा, मुकेश भीचर का आष्टा जाट समाज संगठन मंत्री नारायण जाट, प्रदेश महासचिव महेश जाट, प्रदेश सचिव अर्जुन पटेल, अध्यक्ष राजु जाट एवं युवा प्रदेश सचिव धनंजय जाट द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज के युवा एवं वरिष्ठिजन उपस्थित रहे। धनंजय जाट ने बताया कि जिला अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर आष्टा सहित श्यामपुर, इछावर, सीहोर, खाचरोद में भी बैठक आयोजित की गई।

# पति से मनमुटाव होने के कारण मायके में रहने लगी थी पत्नी न्यायालय ने सुलह करवाकर खुशी-खुशी ससुराल कराई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



न्यायालय परिसर, आष्टा में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार 13 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत में सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, आष्टा की अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश, विजय डांगी एवं न्यायाधीश महेश कुमार चैहान, न्यायाधीश नदीम जावेद खान, न्यायाधीश मती ऋचा शर्मा, मती ऋचा जैन, भारतीय स्टेट बैंक के कन्नौद रोड प्रबंधक वीरेन्द्र कुमार, कोठरी प्रबंधक मनोज कुमार वायकर, जावर प्रबंधक शम्भूनाथ चैधरी कन्नौद मिर्जी रजत जैन मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड के उपमहाप्रबंधक रमेश सिंह अधिवक्ता संघ अध्यक्ष कृपाल सिंह ठाकुर, अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण ने माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर नेशनल लोक अदालत का प्रारंभ किया गया।

शनिवार को आयोजित हुईलोक अदालत का चर्चित मामला यह रहा कि निवासी ग्राम लसूडलिया मलक तहसील कालापीपल में आवेदिका पिंकी पंचरवार 6-7 महीने से पति राहुल पंचरवार से मनमुटाव के कारण घर बैठी थी उसे न्यायाधीश महेश कुमार चैहान, प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश आष्टा तथा ताज मोहम्मद अधिवक्ता की समझाईश से पति राहुल पंचरवार के साथ प्रकरण में समझाईश देकर राजीनामा करवाया गया एवं पुष्पगुच्छ देकर दोनों को हंसी-खुशी के साथ रहने हेतु ससुराल रवाना किया गया। लंबित प्रकरणों में न्यायाधीश महेश कुमार चौहान के द्वारा कुल विद्युत प्री लिटिगेशन के 381 प्रकरण निराकरण के लिए रखे गए थे। जिसमें से राजीनामा अनुसार कुल 762 प्रकरणों का निराकरण हुआ। जिसमें 762 पक्षकारगण को 26,23,257/-रुपये का लाभ हुआ। न्यायालय के कुल 42 प्रकरण रखे गए थे जिनमें से 42 प्रकरणों निराकरण हुआ जिसमें 42 पक्षकारों को 54,86,543/- रुपये का लाभ हुआ। इसी प्रकार न्यायाधीश नदीम जावेद खान के न्यायालय में बैंक प्री लिटिगेशन के कुल 05 प्रकरण जिसमें से 05 का निराकरण हुआ और 05 पक्षकारगण को 5,96,000/- रुपये राशि राजीनामा अनुसार जमा कराई गई एवं न्यायालय के कुल 48 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गए थे जिसमें ने 48 प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें 125 पक्षकार 1,36,46,000/- रुपये लाभान्वित हुए।

न्यायाधीश ऋचा शर्मा के न्यायालय में 61 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गए थे जिसमें से 48 प्रकरण निराकृत हुए तथा 128 पक्षकारगण को 23,96,000/- रुपये का लाभ प्राप्त हुआ। न्यायाधीश मती ऋचा जैन के न्यायालय में प्रीलिटिगेशन के सम्पत्तिकर/जलकर के कुल 178 प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें 178 पक्षकारगण 14,54,893/- रूपये जमा कराये गये एवं न्यायालय के कुल 257 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गए थे जिसमें से 67 प्रकरण निराकृत हुए तथा 154 पक्षकारगण को 7,86,306/ रूपये का लाभ प्राप्त हुआ।

## सैंधव क्षत्रिय राजपूत समाज छात्रावास में रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर लगा

# 120 यूनिट किया रक्तदान, 600 लोगों की जांची सेहत






हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सैंधव क्षत्रिय राजपूत समाज छात्रावास में रविवार को रक्त दान शिविर एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन सैंधव क्षत्रिय राजपूत युवा संगठन, शौर्य समिति आष्टा के तत्वावधान में हुआ रक्तदान सँग्रह जिला चिकित्सालय सीहोर के द्वारा किया गया ताकि जरूरतमंद लोगो को समय पर रक्त प्राप्त हो सके। इस शिविर में लगभग 120यूनिट रक्त इक्ट्ठा किया गया एवं लगभग 600 सामाजिक बन्धुओं की स्वास्थ्य जांच हुई। समिति के संयोजक ने बताया कि लोगों द्वारा रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है।रक्तदान शिविर शासकीय अस्पताल के बीएमओ श्री अमित माथुर, गायत्री देवी हॉस्पिटल, देवश्री हॉस्पिटल, अरस्तु डेंटल, आनन्दम नेत्रालय के सानिध्य एवं योग्य चिकित्सक के परामर्श में सम्पन्न हुआसाथ ही आष्टा अंचल के सम्मानीय पत्रकार गणों का स्वागत संगठन द्वारा किया गया इस अवसर पर मान सिंह इलाही, हरपाल ठाकुर,जीवन सिंह शोभाखेड़ी, गजराज सिंह सचिव,जीवन सिंह अध्यापक,हरि सिंह चिकित्सक, धीरज सिंह आशीर्वाद,तेज सिंह खेरखेड़ी, लोकेंद्र भाटी, जितेन्द्र सिंह मुगली, पुष्पेंद्र ठाकुर,भूपेंद्र ठाकुर,जितेंद्र सिंह, गोलू सिंह, चेतन सिंह,हरेन्द्र ठाकुर, लोकेंद्र ठाकुर,राजेन्द्र सिंह ,हरेन्द्र सिंह, केशर सिंह, दौलत सिंह, नारायण सिंह, कमल सिंह, मेहरवान सिंह, हिम्मत सिंह,दिनेश सिंह, विजेंदर सिंह,यशवंत सिंह,नारायण सिंह ,योगेंद्र सिंह,दिनेश सिंह,मंगल सिंग सहित हजारों सामाजिक गण एवं मातृशक्ति उपस्थित रही

# ग्राम तुमड़ावदा में जमकर हुआ विवाद केस दर्ज, पीड़ित पक्ष पहुंचा एसपी ऑफिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के ग्राम तुमड़ावदा में मारपीट का मामला सामने आया। इस घटना को लेकर पीड़ित परिवार की महिलाएं, रिश्तेदार, समाजजन और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय ज्ञापन देने पहुंचे।पीड़ित परिजनों ने अपने आवेदन में बताया कि गुरुवार रात को ग्राम निवासी संजय परमार पिता तेजकरण परमार और समाज अन्य लोगों का आम रास्ते से निकलने को लेकर विवाद हुआ था।

पीड़ितों के अनुसार, शिवनारायण जायसवाल, बंटी जायसवाल सहित अन्य आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की और महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया। इस हमले में कई लोगों को गंभीर चोटें आईं। एक व्यक्ति की तलवार से उंगली पूरी तरह काट दी गई, जबकि दो अन्य लोगों पर चाकू से हमला किया गया। पीड़ित पक्ष ने घटना की सूचना संबंधित थाने में दी थी।

मामले में थाना बीएनपी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को 14 लोगों पर विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। पीड़ित परिवार के परिजनों ने बताया किनथाने में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद शुक्रवार को भी आरोपियों ने पीड़ित परिवार के भाई और भाभी को रोककर गाली-गलौज की और जातिसूचक शब्द कहे। उन्हें बार-बार रास्ते से निकलने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई, जिसके बाद शनिवार को परिजनों ने एसपी ऑफिस पहुंचकर चेतावनी दी कि यदि पीड़ित परिवार के साथ कोई भी अप्रिय घटना होती है, तो संपूर्ण जिम्मेदारी आरोपियों सहित शासन-प्रशासन की होगी।

### वोट चोर गद्दी छोड़ को लेकर रैली में कांग्रेसी रवाना

**देवास**। दिल्ली में रविवार को प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में वोट चोर गद्दी छोड़ को लेकर आयोजित महा रैली में भाग लेने शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ो कांग्रेसी शनिवार को दो बसों से दिल्ली के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर गौतम व चौधरी ने कहा कि यह प्रमाणित हो चुका है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा बड़े पैमाने पर वोट चोरी की जा रही है जिससे लोग कांग्रेस की सरकार तो बनना चाहते हैं, लेकिन सरकार भारतीय जनता पार्टी की बन रही है। यह प्रजातंत्र के लिए बहुत ही घातक घटना है। हम वहां मांग करने जा रहे हैं कि इसकी उच्च स्तरीय जांच की जाए रामलीला मैदान से राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन राहुल गांधी के नेतृत्व में दिया जाएगा। पूरे देश से लाखों कांग्रेस जन दिल्ली पहुंच रहे।